SHODHPATRA: INTERNATIONAL JOURNAL OF SCIENCE AND HUMANITIES
E-ISSN: 3048-6041 | Volume- 2, Issue- 10 | October 2025

# सप्त सिंधु क्षेत्र में गोत्र परंपरा: एक सांस्कृतिक और ऐतिहासिक अध्ययन

**सोमचंद [1], रोहन शर्मा [2]**

[1] शोधार्थी, समाजशास्त्र एवं सामाजिक नृविज्ञान विभाग, हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय, सप्तसिंधु परिसर, देहरा

[2] शोधार्थी, समाजशास्त्र एवं सामाजिक नृविज्ञान विभाग, हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय, सप्तसिंधु परिसर, देहरा

**सारांश**

भारतीय समाज की सामाजिक संरचना में गोत्र व्यवस्था केवल रक्तसंबंध या विवाह-निषेध की परंपरा नहीं, बल्कि सामूहिक पहचान और सांस्कृतिक निरंतरता का प्रतीक रही है। सप्त सिंधु क्षेत्र, जहाँ वैदिक सभ्यता का अंकुर फूटा, वहाँ गोत्र का संबंध न केवल पुरोहिती वंश से था, बल्कि सामाजिक दायित्व और सामूहिक स्मृति से भी गहराई से जुड़ा रहा। इस अध्ययन में गोत्र परंपरा को एक जीवंत सामाजिक संस्था के रूप में देखा गया है, जो आज भी पारिवारिक निर्णयों, विवाह प्रथाओं और जातीय पहचान को आकार देती है। समाज परिवर्तन की तीव्र प्रक्रिया के बावजूद, ग्रामीण और अर्ध-शहरी भारत में गोत्र की भूमिका केवल प्रतीकात्मक नहीं हुई है वह आज भी सामाजिक एकता और जातीय मर्यादा की आधारशिला बनी हुई है। इस शोध का उद्देश्य इस परंपरा के समाजशास्त्रीय स्वरूप को समझना और यह जानना है कि आधुनिक समय में इसकी प्रासंगिकता कैसे परिवर्तित या पुनर्परिभाषित हो रही है। शोध में यह पाया गया कि गोत्र व्यवस्था ने वैदिक समाज में जातीय एकता, पवित्रता की अवधारणा तथा सामाजिक नियंत्रण की एक सशक्त व्यवस्था प्रदान की। आधुनिक काल में, जबकि समाज गतिशील रूप से बदल रहा है, यह परंपरा कई क्षेत्रों में जीवित है, वहीं कुछ स्थानों पर यह केवल सांस्कृतिक प्रतीक बनकर रह गई है।इस अध्ययन के माध्यम से गोत्र को केवल एक धार्मिक अथवा वंशानुक्रमिक तत्व न मानकर, उसे एक सामाजिक संस्था के रूप में देखने का प्रयास किया गया है जो वैदिक और समकालीन समाज दोनों की संरचना को प्रभावित करती है।

**मुख्य बिंदु**: सप्त सिंधु,भारतीय समाज, परंपरा, गोत्र, संस्कृति

## 1. परिचय

भारतवर्ष की सामाजिक संरचना की नींव जिन मूल अवधारणाओं पर आधारित है, उनमें गोत्र परंपरा का एक विशिष्ट स्थान है। यह न केवल वैदिक संस्कृति की विरासत का प्रतीक है, बल्कि भारतीय समाज की पारिवारिक, जातीय और सांस्कृतिक पहचान का महत्वपूर्ण आधार भी है। विशेष रूप से सप्त सिंधु क्षेत्र जिसे भारतीय सभ्यता की जन्मभूमि माना जाता है वहां गोत्र परंपरा अत्यंत गहराई से सामाजिक जीवन में व्याप्त रही है।

गोत्र, मूलतः एक वैदिक सामाजिक व्यवस्था है, जो व्यक्ति की पितृवंशीय पहचान, कुल-परंपरा और सामाजिक आचार-संहिता से जुड़ा होता है। इस परंपरा की उत्पत्ति सप्त ऋषियों से मानी जाती है, जिनकी संतानों या अनुयायियों को उनके नाम से गोत्र दिया गया। इस व्यवस्था का मूल उद्देश्य समाज में विवाह के नियमों को नियंत्रित करना, रक्त संबंधों की शुद्धता बनाए रखना और एक सांस्कृतिक पहचान को पीढ़ी दर पीढ़ी संप्रेषित करना रहा है।

सप्त सिंधु क्षेत्र, जिसमें वर्तमान समय के पंजाब, हरियाणा, सिंध (अब पाकिस्तान में), पश्चिमी उत्तर प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और कुछ भाग अफगानिस्तान के आते हैं वैदिक सभ्यता की जननी रहा है। यह क्षेत्र न केवल वैदिक ऋचाओं का उद्गम स्थल है, बल्कि यहां की सामाजिक संरचनाएं, आज भी प्राचीन परंपराओं का जीवित रूप प्रस्तुत करती हैं।यह शोध-पत्र "सप्त सिंधु क्षेत्र में गोत्र परंपरा" की ऐतिहासिक जड़ों, सांस्कृतिक व्याख्याओं और समकालीन प्रासंगिकता का विश्लेषण करता है। इसका उद्देश्य गोत्र की उत्पत्ति, उसका सामाजिक-सांस्कृतिक स्वरूप, विवाह

संबंधी नियमों में उसकी भूमिका और आधुनिक समय में उसमें आए परिवर्तन का अध्ययन करना है।वर्तमान युग में जबकि वैश्वीकरण, शहरीकरण और जातीय अंतर्विवाह जैसी प्रवृत्तियां समाज को बदल रही हैं, तब यह अध्ययन विशेष महत्व रखता है कि क्या गोत्र परंपरा अभी भी प्रासंगिक है? यदि हाँ, तो किस रूप में? और यदि नहीं, तो किस प्रकार उसका सांस्कृतिक क्षरण हुआ है?

### सप्त सिंधु क्षेत्र: एक ऐतिहासिक-सांस्कृतिक पहचान

भारत की प्राचीन सभ्यताओं के विकास में सप्त सिंधु क्षेत्र का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। वैदिक साहित्य और ऋग्वैदिक मंत्रों में जिस क्षेत्र का वर्णन 'सप्त सिंधवः' या 'सप्त सिंधु' के नाम से किया गया है, वह केवल एक भौगोलिक भू-भाग न होकर सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत उन्नत क्षेत्र रहा है। यह क्षेत्र वैदिक ऋषियों की तपोभूमि, यज्ञों की स्थली और अनेक सामाजिक-सांस्कृतिक परंपराओं की जन्मस्थली रहा है।ऋग्वेद में "सप्त सिंधवः" (अर्थात सात नदियों वाला प्रदेश) का उल्लेख कई बार आता है। इन सात नदियों की विभिन्न मान्यताएं हैं, किंतु सामान्यतः इनमें निम्नलिखित नदियाँ सम्मिलित मानी जाती हैं:-

1. सिंधु (वर्तमान में Indus)
2. सरस्वती (अब विलुप्त या सूख चुकी नदी)
3. वितस्ता (झेलम)
4. अश्किनी (चिनाब)
5. परुष्णी (रावी)
6. शुतुद्रि (सतलुज)
7. यमुना या विपाशा (ब्यास)

यह समस्त क्षेत्र आज के पंजाब, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, और पाकिस्तान के सिंध और पंजाब प्रांत, तथा पूर्वी अफगानिस्तान तक विस्तारित था।

### ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्त्व

सप्त सिंधु क्षेत्र को भारतीय सभ्यता की वैदिक भूमि कहा जाता है। यहीं से वैदिक साहित्य की रचना हुई, यज्ञ-परंपराएं विकसित हुईं, गोत्र और ऋषि परंपराएं आकार में आईं, और वर्णाश्रम धर्म की नींव पड़ी।यह क्षेत्र सप्त ऋषियों की तपोभूमि भी माना गया है। विभिन्न गोत्रों की उत्पत्ति का संबंध जिन ऋषियों से जोड़ा जाता है, उनकी ऐतिहासिक उपस्थिति या संदर्भ इसी क्षेत्र में अधिक मिलते हैं। उदाहरणस्वरूप:ऋषि वशिष्ठ और विश्वामित्र के यज्ञ सप्त सिंधु में माने जाते हैं।कश्यप ऋषि को कश्मीर का नामदाता माना गया है।

### सामाजिक संरचना और गोत्र की भूमिका

सप्त सिंधु क्षेत्र की सामाजिक संरचना में गोत्र एक केंद्रीय भूमिका निभाता था। यह परंपरा केवल ब्राह्मणों में ही नहीं, बल्कि अन्य जातियों जैसे राजपूत, जाट, गुर्जर आदि में भी व्याप्त रही। गोत्र व्यक्ति की पहचान, कुल परंपरा और विवाह की दिशा निर्धारित करने वाला तत्व था। विशेषतः इस क्षेत्र में गोत्र का पालन अत्यंत कठोरता से किया जाता था, विशेषकर विवाह के संदर्भ में। समान गोत्र में विवाह को सामाजिक अपराध माना जाता था, जिसे गोत्र निषेध कहते हैं। इस निषेध ने रक्त संबंधों की शुद्धता बनाए रखने में भूमिका निभाई और गोत्र के प्रति सामाजिक सम्मान बनाए रखा।

**सप्त सिंधु और आर्य संस्कृति**

सप्त सिंधु को आर्यावर्त का मूल भी माना जाता है। वैदिक आर्यों की आरंभिक बस्तियाँ यहीं थीं। उनके धार्मिक कर्मकांड, परिवार व्यवस्था, गोत्र आधारित पहचान और सांस्कृतिक आदर्श इसी क्षेत्र में विकसित हुए और बाद में सम्पूर्ण भारत में फैले।संक्षेप में, सप्त सिंधु क्षेत्र एक ऐसा सांस्कृतिक केंद्र रहा है जहाँ गोत्र परंपरा ने सामाजिक जीवन को दिशा दी और उसे एक नैतिक, धार्मिक और व्यवहारिक अनुशासन प्रदान किया। इस ऐतिहासिक भूमि में गोत्र केवल पहचान का साधन नहीं था, बल्कि यह जीवनशैली, विवाह, धर्म और सामाजिक अनुशासन का मेरुदंड रहा।

**2. गोत्र परंपरा की उत्पत्ति: वैदिक संदर्भ और सप्त ऋषि परंपरा**

भारत की सामाजिक संरचना में गोत्र की अवधारणा अत्यंत प्राचीन और प्रतिष्ठित मानी जाती है। इसकी जड़ें वैदिक साहित्य में इतनी गहराई से जुड़ी हुई हैं कि गोत्र का विचार न केवल एक सामाजिक पहचान, बल्कि धार्मिक व सांस्कृतिक अनुशासन का भी प्रतिनिधित्व करता है। गोत्र परंपरा की उत्पत्ति, मूलतः सप्त ऋषियों से जोड़ी जाती है, जिनका उल्लेख वेदों, उपनिषदों और महाभारत सहित अनेक ग्रंथों में मिलता है।

**गोत्र की परिभाषा और आशय**

'गोत्र' शब्द संस्कृत मूल का है, जिसका शाब्दिक अर्थ है "गाय का समूह" या "वह स्थान जहाँ गोपालन होता है", किंतु वैदिक परिप्रेक्ष्य में इसका तात्पर्य होता है – एक समान ऋषि की वंश परंपरा।

भारतीय सामाजिक व्यवस्था में गोत्र का संबंध पितृवंश (patrilineal lineage) से होता है।प्रत्येक व्यक्ति का गोत्र यह दर्शाता है कि उसका उत्पत्ति-स्रोत कौन सा ऋषि है।

मनुस्मृति के अनुसार –

"सप्त ऋषयस्तु ये पूर्वं धर्तारो धर्ममात्मनः।

तेषां नामानि गोत्राणि यानि तेषां सुतैः कृतम्॥"

(अर्थात: जो प्राचीन सप्त ऋषि धर्म के धारक थे, उन्हीं के नाम से गोत्र की उत्पत्ति मानी जाती है।)

सप्त ऋषि: गोत्र परंपरा के आधार स्तंभ

सप्त सिंधु क्षेत्र में मान्यता रही है कि सभी प्रमुख गोत्रों की उत्पत्ति निम्नलिखित सप्त ऋषियों से मानी जाती है:

| ऋषि का नाम | संबंधित प्रमुख गोत्र |
|---|---|
| वशिष्ठ | वशिष्ठ गोत्र |
| विश्वामित्र | कौशिक गोत्र |
| कश्यप | कश्यप गोत्र |
| अत्रि | अत्रेय गोत्र |
| भारद्वाज | भारद्वाज गोत्र |
| गौतम | गौतम गोत्र |
| जमदग्नि | जमदग्नि गोत्र |

E-ISSN: 3048-6041 | Volume- 2, Issue- 10 | October 2025

इन सप्त ऋषियों को केवल वैदिक ऋचाओं के रचयिता ही नहीं, बल्कि भारतीय वंश-परंपरा के संस्थापक भी माना जाता है। प्रत्येक गोत्र के अनुयायी या संतति (वंशज) अपने ऋषि को अपना मूल पूर्वज मानते हैं।

गोत्र और वैदिक अनुष्ठान

वैदिक यज्ञ, नामकरण, उपनयन संस्कार आदि में गोत्र का उच्चारण आवश्यक होता है।

उदाहरण: "अमुक गोत्रोत्पन्नोऽहम्" – अर्थात मैं अमुक गोत्र में उत्पन्न हुआ हूँ।

यह परंपरा आज भी यज्ञोपवीत, विवाह, और श्राद्ध जैसे संस्कारों में निभाई जाती है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि गोत्र केवल पहचान ही नहीं बल्कि धार्मिक उत्तराधिकार का भी आधार है।संक्षेप में, गोत्र की उत्पत्ति सप्त ऋषियों से जुड़ी हुई एक सांस्कृतिक परंपरा है जो सप्त सिंधु क्षेत्र में न केवल पितृवंश की पहचान थी, बल्कि विवाह, धर्म, और सामाजिक मर्यादा का प्रमुख आधार भी रही है।

**सप्त सिंधु क्षेत्र में गोत्र परंपरा का स्वरूप**

सप्त सिंधु क्षेत्र, जहाँ वैदिक सभ्यता का जन्म और विकास हुआ, वहाँ गोत्र परंपरा केवल ब्राह्मणसामाजिक व्यवस्था तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह पूरे सामाजिक ताने-बाने का केंद्रीय तत्व रही। इस क्षेत्र में रहने वाले विभिन्न जातीय समूहों – ब्राह्मणों, क्षत्रियों, वैश्य, शूद्र, जाटों, गुर्जरों, राजपूतों, अहीरों आदि – सभी में गोत्र व्यवस्था किसी न किसी रूप में उपस्थित रही है।

**क्षेत्रीय गोत्रों की विविधता**

सप्त सिंधु क्षेत्र में निम्नलिखित प्रमुख गोत्र देखने को मिलते हैं: -

| जातीय समूह | सामान्यतः पाए जाने वाले गोत्र |
|---|---|
| ब्राह्मण | भारद्वाज, गौतम, वशिष्ठ, कश्यप, अत्रि, शांडिल्य |
| जाट | मलिक, दहिया, सांगवान, चाहर, पूनिया, सिवाच |
| गुर्जर | भाटी, तोमर, सोलंकी, चौहान |
| राजपूत | राठौर, परमार, सिसोदिया, चौहान, तोमर |
| अहीर | यादव, गोस्वामी, रावत, वर्मा |

इन गोत्रों का संबंध अधिकतर किसी महान ऋषि या योद्धा वंश से होता है। विशेष बात यह है कि यहां की जातीय संरचनाओं में गोत्र की पहचान वंश, मूल, आचरण और सामाजिक प्रतिबद्धता का प्रतीक होती है।

**गोत्र का सामाजिक और सांस्कृतिक स्वरूप**

गोत्र ने सामाजिक आचार-संहिताओं को बनाए रखने में प्रमुख भूमिका निभाई है। समान गोत्र में विवाह वर्जित होने के कारण समाज में सगोत्र निषेध एक कठोर नैतिक नियम बन गया है। एक व्यक्ति का गोत्र यह बताता है कि वह किस कुल और ऋषि परंपरा से संबंधित है। यह परंपरा एक आध्यात्मिक वंशावली भी मानी जाती है।सप्त सिंधु क्षेत्र के ग्रामीण समाजों में गोत्र से जुड़ी कई लोक कथाएँ, रीति-रिवाज और धार्मिक विश्वास प्रचलित हैं। जैसे कुछ गोत्रों को देवता का वंशज माना जाता है।किसी गोत्र विशेष में नाग देवता की पूजा अनिवार्य मानी जाती है।

ब्राह्मणों में गोत्र व्यवस्था अत्यंत कठोरता से लागू होती है। उपनयन संस्कार और श्राद्ध कर्म में गोत्र का नाम आवश्यक रूप से बोला जाता है।जाटों और राजपूतों में गोत्र केवल पहचान नहीं, बल्कि सामूहिक एकता का भी

प्रतीक होता है। गोत्र-पंचायत, विवाह तय करने की व्यवस्था, और गांव के सामाजिक निर्णयों में इसका विशेष महत्त्व होता है।गुर्जरों व अहीरों में गोत्र के साथ-साथ कुलदेवता और मूल स्थान भी गोत्र पहचान को मजबूत करते हैं। विवाह से पहले वर और वधू के चार पीढ़ियों के गोत्र की जाँच होती है।

सप्त सिंधु क्षेत्र में गोत्र केवल एक पितृवंशीय पहचान मात्र नहीं है, बल्कि यह संपूर्ण सामाजिक व्यवस्था का एक बुनियादी ढांचा भी है। भारतीय समाज, विशेषतः सप्त सिंधु क्षेत्र, एक जटिल सामाजिक संरचना से युक्त है, जिसमें गोत्र व्यवस्था जाति, कुल, विवाह, धर्म और अधिकार के निर्धारण में केंद्रीय भूमिका निभाती है। गोत्र एक प्रकार का सांस्कृतिक कोड है, जिसके माध्यम से सामाजिक दायित्व, नैतिक अनुशासन और सामाजिक सीमाओं का निर्धारण होता है। भारत की पारंपरिक वर्ण व्यवस्था में जातियाँ जन्म आधारित रही हैं, परंतु जातियों के भीतर और उनके पारंपरिक समूहों में गोत्र के आधार पर उप-वर्गीकरण पाया जाता है।

उदाहरण:ब्राह्मणों में gotra → pravara → shakha (संप्रदाय) के आधार पर अलग-अलग उपसमूह बनते हैं। जाटों, गुर्जरों, राजपूतों आदि जातियों में गोत्र से उनकी सामाजिक एकता और बहिर्विवाही नियमों की व्यवस्था होती है।इस व्यवस्था के तहत समाज में प्रत्येक व्यक्ति का एक निश्चित गोत्र पहचान होती है, जो उसे जाति के भीतर भी विशेष स्थान देती है।

**सामाजिक सीमा-रेखाएं**

गोत्र यह तय करता है कि किन व्यक्तियों से विवाह किया जा सकता है और किनसे नहीं। यह रक्त संबंधों की शुद्धता बनाए रखने की व्यवस्था है।एक ही जाति में अलग-अलग गोत्रों वाले व्यक्ति एक-दूसरे से समान स्तर पर देखे जाते हैं, जबकि समान गोत्र वाले व्यक्तियों के बीच कुटुंबता का संबंध माना जाता है।ग्रामीण सप्त सिंधु क्षेत्र में गोत्र पंचायतें समाज के निर्णयों में भाग लेती रही हैं, जैसे: विवाह संबंध, विवाद निपटान, सामाजिक बहिष्कार आदि।गोत्र का सबसे स्पष्ट सामाजिक प्रभाव विवाह व्यवस्था पर है। विशेष रूप से सप्त सिंधु क्षेत्र के समाज में सगोत्र विवाह निषेध एक कठोर परंपरा रही है।यह मान्यता रही है कि समान गोत्र वाले व्यक्ति भाई-बहन के समान होते हैं।इसलिए, विवाह के लिए कम से कम चार पीढ़ियों तक अलग गोत्र होना आवश्यक माना जाता है।यह व्यवस्था समाज में अनुवांशिक दोषों से बचाव, समूहों के बीच आपसी संबंधों की मजबूती और नैतिक अनुशासन को सुनिश्चित करती थी।कई समाजों में कुछ गोत्रों को उच्च, मध्य या निम्न स्तर पर भी देखा जाता है, विशेषकर ब्राह्मण और क्षत्रिय समुदायों में। जैसे –भारद्वाज, वशिष्ठ, कश्यप जैसे गोत्रों को अत्यधिक प्रतिष्ठित माना जाता रहा है।कुछ गोत्र विशेष देवी-देवताओं या यज्ञीय परंपराओं से जुड़े होने के कारण विशेष धार्मिक स्थान रखते हैं।गोत्र एक प्रकार का अदृश्य सामाजिक नियंत्रण भी होता है। यह व्यक्ति को याद दिलाता है कि वह एक परंपरा का वाहक है, और उसके कर्तव्य समाज और पूर्वजों दोनों के प्रति हैं।यह भावना व्यक्ति में कर्तव्यबोध, अनुशासन, नैतिकता और दायित्व की भावना को बढ़ाती है।संक्षेप में, गोत्र परंपरा ने सप्त सिंधु क्षेत्र में समाज को संगठित, अनुशासित और नैतिक रूप से नियंत्रित रखने में अत्यंत प्रभावशाली भूमिका निभाई। यह व्यवस्था न केवल विवाह और पहचान तक सीमित थी, बल्कि सामाजिक संरचना की धुरी थी, जिस पर समुदाय की एकता, अनुशासन और मर्यादा टिकी थी।

**3. गोत्र परंपरा का जातीय और सांस्कृतिक प्रभाव**

गोत्र परंपरा केवल सामाजिक और विवाहिक नियमों तक सीमित नहीं रही, बल्कि उसने जातीय पहचान, सांस्कृतिक प्रतीकों और धार्मिक विश्वासों को भी आकार दिया। सप्त सिंधु क्षेत्र की विभिन्न जातियाँ ब्राह्मण, क्षत्रिय, जाट, गुर्जर, अहीर, राजपूत अपने-अपने गोत्र के माध्यम से अपनी सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक स्थिति को पहचानती और

संरक्षित करती रही हैं। यह परंपरा उनकी आत्म-छवि, गौरवबोध और सामाजिक दायरे को निर्धारित करने में सहायक रही है।

**गोत्र और जातीय पहचान**

सप्त सिंधु क्षेत्र में जातियों की पहचान केवल नाम से नहीं, बल्कि उनके गोत्र, कुलदेवी, मूल स्थान और वंश परंपरा से निर्धारित होती है।उदाहरण:ब्राह्मणों में भारद्वाज, कश्यप, गौतम आदि गोत्रों के माध्यम से धार्मिक कर्तव्य और यज्ञीय अधिकारी तय होते हैं।जाटों में गोत्र उनकी सामाजिक शक्ति, गांव में प्रतिष्ठा और आपसी संबंधों को परिभाषित करता है।गुर्जर और राजपूत गोत्रों के माध्यम से अपने ऐतिहासिक पूर्वजों (जैसे तोमर, चौहान, परमार) की वीरता से अपनी पहचान जोड़ते हैं।इस प्रकार गोत्र व्यक्ति और समुदाय के बीच जातीय आत्म-गौरव (Ethnic Pride) को बनाए रखने का माध्यम बनता है।गोत्र, केवल एक पारिवारिक पहचान नहीं, बल्कि सांस्कृतिक स्मृति (cultural memory) का स्रोत भी होता है। प्रत्येक गोत्र की अपनी एक कथा, परंपरा और लोक मान्यता होती है, जो पीढ़ियों से संरक्षित रहती है।

**कुछ उदाहरण:** कश्यप गोत्र वाले कश्मीर से संबंध जोड़ते हैं और स्वयं को 'कश्यप ऋषि की संतति' मानते हैं।तोमर या चौहान गोत्र वाले अपने को महान योद्धा राजाओं का वंशज मानते हैं।शांडिल्य गोत्र ब्राह्मण वर्ग में अत्यधिक प्रतिष्ठित माना जाता है और इससे यज्ञों व अनुष्ठानों में विशेष स्थान मिलता है। कई जातियों में गोत्र विशेष के साथ कुलदेवता या कुलदेवी की पूजा जुड़ी होती है। यह एक सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बनता है, जो पूरे गोत्र समूह को धार्मिक रूप से जोड़ता है।

दहिया गोत्र के जाटों में भैरो बाबा की पूजा।चौहान गोत्र में शीतला माता या कुलदेवी के मंदिर की विशेष मान्यता।ऐसे पूजन स्थलों के चारों ओर धार्मिक उत्सव, मेलों और समुदायिक आयोजन होते हैं, जो सांस्कृतिक बंधन को मजबूत करते हैं।सप्त सिंधु क्षेत्र के लोकगीतों, वंशावलियों और कहावतों में गोत्रों का अत्यधिक उल्लेख मिलता है। जैसे:विवाह गीतों में वर/वधू के गोत्र का गौरवगान।वीर रस की कथाओं में गोत्रीय वीरों की गाथाएँ।यह लोक साहित्य गोत्रों की सांस्कृतिक प्रासंगिकता और ऐतिहासिक स्मरण को जीवित रखता है।

आधुनिकता, शिक्षा और वैश्वीकरण के प्रभाव में गोत्र परंपरा की सामाजिक शक्ति कुछ हद तक क्षीण हुई है, परंतु सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान के रूप में इसकी प्रासंगिकता अब भी विद्यमान है। विशेषकर नामकरण संस्कार में गोत्र का उच्चारण।विवाह पत्रिका में गोत्र का उल्लेख।यज्ञोपवीत, श्राद्ध, विवाह आदि में "अमुक गोत्रोत्पन्न" मंत्र का प्रयोग।संक्षेप में, गोत्र परंपरा सप्त सिंधु क्षेत्र में जातीय गौरव, सांस्कृतिक एकता, धार्मिक परंपरा और लोक साहित्य का एक महत्वपूर्ण वाहक रही है। यह परंपरा व्यक्ति को उसकी जड़ों से जोड़ती है और समुदाय को एक साझा ऐतिहासिक पहचान प्रदान करती है।

**4. आधुनिक समाज में गोत्र परंपरा की स्थिति**

वर्तमान समय में, विशेषकर शहरीकरण, शिक्षा, तकनीकी विकास और सामाजिक परिवर्तन के प्रभाव में, गोत्र परंपरा का स्वरूप काफी बदल रहा है। एक ओर यह परंपरा अब भी विवाह, संस्कार और धार्मिक अनुष्ठानों में प्रयुक्त हो रही है, वहीं दूसरी ओर समाज का बड़ा वर्ग इसे केवल प्रतीकात्मक स्तर पर स्वीकार कर रहा है।अतीत में गोत्र-निषेध विवाह का एक कठोर नियम था, विशेष रूप से सप्त सिंधु क्षेत्र की ग्रामीण जातियों में। किंतु आधुनिक युवा वर्ग, विशेषकर शिक्षा और प्रेम-विवाह की वृद्धि के चलते, इन नियमों का कठोरता से पालन नहीं कर रहा।अंतरजातीय और अंतर्गोत्र विवाहों में वृद्धि हो रही है।कई जगह गोत्र की जानकारी का अभाव भी देखा जा रहा है।सामाजिक

स्वीकृति की जगह व्यक्तिगत निर्णय को अधिक महत्व दिया जा रहा है।फिर भी पारंपरिक परिवारों में गोत्र को विवाह निर्णय में अब भी एक आवश्यक मानदंड माना जाता है।

शहरी जीवन में व्यक्ति की पहचान जाति या गोत्र से कम, और उसके पेशे, शिक्षा, भाषा व रहन-सहन से अधिक जुड़ती है। गोत्र संबंधी जानकारी धीरे-धीरे पृष्ठभूमि में जा रही है।हालांकि ऑनलाइन वैवाहिक साइटों में गोत्र आज भी एक चयन मानदंड बना हुआ है।धार्मिक अनुष्ठानों में गोत्रोच्चारण आज भी अनिवार्य माना जाता है, विशेषतः ब्राह्मण परिवारों में।भारतीय संविधान जातीय और गोत्रीय भेदभाव का विरोध करता है। "गोत्र के आधार पर विवाह रोकना" या गोत्रीय हत्या (honour killing) जैसे मामलों को कानून अपराध की श्रेणी में रखता है।परंतु आज भी हरियाणा, पंजाब और पश्चिमी उत्तर प्रदेश जैसे इलाकों में कुछ खाप पंचायतें गोत्रीय विवाहों को सामाजिक अपराध मानती हैं, जिससे समाज में द्वंद बना हुआ है।शिक्षा प्रणाली में गोत्र विषय पर जानकारी नहीं के बराबर है, जिससे नई पीढ़ी इससे अनभिज्ञ होती जा रही है।मीडिया, फिल्मों और टीवी धारावाहिकों में भी गोत्र को कभी-कभी रूढ़िवादिता के प्रतीक के रूप में दर्शाया जाता है।सोशल मीडिया पर कुछ जातीय समुदाय अपने गोत्रीय इतिहास, कुलदेवी, वंशावलियों को पुनर्जीवित कर रहे हैं। एक तरह की सांस्कृतिक पुनरावृत्तिदेखी जा रही है।

हालांकि गोत्र परंपरा सामाजिक दायरे में क्षीण हो रही है, फिर भी यह आज भीपूर्वजों की पहचान के रूप में, विवाह योग्यताओं के चयन में, वंश परंपरा को संजोने में,और धार्मिक कर्तव्यों की पूर्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।निष्कर्ष रूप में, आधुनिक समाज में गोत्र परंपरा एक संक्रमण काल से गुजर रही है जहाँ एक ओर यह परंपरा शिथिल हो रही है, वहीं दूसरी ओर कुछ समुदाय इसे पुनर्जीवित करने का प्रयास भी कर रहे हैं। यह परंपरा अब केवल सामाजिक विनियम नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक प्रतीक के रूप में देखी जा रही है।

### 5. मुख्य निष्कर्ष बिंदु:

1. गोत्र की उत्पत्ति सप्त ऋषियों से मानी जाती है, जो वैदिक समाज की पितृसत्तात्मक संरचना में एक केंद्रीय अवधारणा रही।
2. गोत्र का प्रमुख सामाजिक कार्य रक्त-संबंधों की शुद्धता बनाए रखना और अनुवांशिक संबंधों में विवाह को रोकना था।
3. सप्त सिंधु क्षेत्र में गोत्र विवाह और सामाजिक संबंधों के नियम निर्धारित करने वाला एक निर्णायक तत्व रहा है, जिसे खाप पंचायतों ने लंबे समय तक लागू किया।
4. बौद्ध, जैन, सिक्ख और अन्य परंपराओं में भी गोत्र व्यवस्था ने भिन्न-भिन्न रूपों में अस्तित्व बनाए रखा, जिससे यह स्पष्ट होता है कि यह परंपरा केवल ब्राह्मणीय ही नहीं, बल्कि बहुसांस्कृतिक भी रही है।
5. आधुनिक समय में, शिक्षा, शहरीकरण, महिला सशक्तिकरण और कानूनी अधिकारों के बढ़ने से गोत्र परंपरा की सामाजिक शक्ति में कमी आई है, किंतु धार्मिक, प्रतीकात्मक और सांस्कृतिक पहचान के रूप में यह अब भी विद्यमान है।

### नवचिंतन और आगे की दिशा

इस अध्ययन से यह स्पष्ट होता है कि गोत्र परंपरा एक गतिशील सामाजिक निर्माणहै, जो समय, स्थान और समाज के अनुसार बदलती रही है। इसका आधुनिक मूल्यांकन आवश्यक है। इसे कठोर रूढ़ि के रूप में नहीं, बल्कि एक इतिहास और पहचान के स्रोत के रूप में देखा जाना चाहिए।सांस्कृतिक विविधता में एकता की दृष्टि से यह परंपरा समाज में संवाद और सहिष्णुता का माध्यम बन सकती है।शोध और शिक्षा में इसे पुनः शामिल कर, इसकी ऐतिहासिक और सामाजिक महत्ता पर आधारित जन-जागरूकता बढ़ाई जा सकती है।

## 6. निष्कर्ष

सप्त सिंधु क्षेत्र में गोत्र परंपरा एक ऐसी सांस्कृतिक धरोहर है, जिसकी जड़ें वैदिक युग में गहराई तक पैठी हुई हैं। यह परंपरा केवल एक वंशानुक्रमिक पहचान ही नहीं, बल्कि सामाजिक मर्यादाओं, विवाह-संहिताओं, धार्मिक अनुष्ठानों और सांस्कृतिक निरंतरता का भी वाहक रही है।सप्त सिंधु क्षेत्र जिसमें आज के पंजाब, हरियाणा, जम्मू, सिंध, और पश्चिमी उत्तर प्रदेश शामिल हैं वहां गोत्र की परंपरा ने न केवल व्यक्ति की सामाजिक स्थिति को परिभाषित किया, बल्कि उसे एक व्यापक सामूहिक स्मृति से भी जोड़ा।गोत्र परंपरा, सप्त सिंधु क्षेत्र के सामाजिक ताने-बाने में गहरे जुड़ी हुई रही है। यह परंपरा, भले ही आधुनिक जीवनशैली में शिथिल हो रही हो, परंतु इसकी ऐतिहासिकता, सांस्कृतिक मूल्य और सामाजिक प्रभाव आज भी गहराई से समझने योग्य हैं।वर्तमान आवश्यकता यह है कि हम इसे आलोचनात्मक विवेक और सांस्कृतिक सहिष्णुता के साथ समझें न कि केवल परंपरा या प्रतिरोध के दृष्टिकोण से।

## संदर्भ

1. Basham, A. L. (1954). दि वंडर दैट वाज़ इंडिया (भारत की प्राचीन सभ्यता का चमत्कार). Rupa & Co.
2. Das, V. (1995). क्रिटिकल इवेंट्स: एन एंथ्रोपोलॉजिकल पर्सपेक्टिव ऑन कंटेम्पररी इंडिया (आधुनिक भारत पर मानवशास्त्रीय दृष्टि). Oxford University Press.
3. Kosambi, D. D. (1965). दि कल्चर एंड सिविलाइजेशन ऑफ एंशिएंट इंडिया इन हिस्टोरिकल आउटलाइन (भारत की प्राचीन संस्कृति और सभ्यता: ऐतिहासिक रूपरेखा). Vikas Publishing.
4. Law Commission of India. (2012). खाप पंचायतें और ऑनर किलिंग्स इन इंडिया (रिपोर्ट सं. 242). भारत सरकार विधि आयोग.
5. Majumdar, R. C. (1971). हिस्ट्री एंड कल्चर ऑफ द इंडियन पीपल: द वैदिक एज (भारतीय लोगों का इतिहास और संस्कृति: वैदिक काल). Bharatiya Vidya Bhavan.
6. Olivelle, P. (1999). धर्मसूत्र: भारत के प्राचीन विधि संहिताएँ (The Dharmasutras). Oxford University Press.
7. Sharma, R. S. (2008). प्राचीन भारत का सामाजिक इतिहास. राजकमल प्रकाशन.
8. Singh, K. S. (1992). पीपल ऑफ इंडिया: एन इंट्रोडक्शन (भारत की जनजातीय एवं सामाजिक विविधता का परिचय). Anthropological Survey of India/Seagull Books.
9. Singh, Y. (2000). भारतीय परंपरा का आधुनिकीकरण: सामाजिक परिवर्तन का एक तंत्रात्मक अध्ययन. Thomson Press.
10. Thapar, R. (2002). प्रारंभिक भारत: उद्गम से 1300 ईस्वी तक. Penguin Books.
11. Tripathi, R. G. (अनुवादक). (2009). ऋग्वेद संहिता (हिंदी अनुवाद). चौखंबा प्रकाशन.
12. Yadav, S. (2011). भारतीय समाज की संरचना. प्रकाशन संस्थान.
13. Indica Today. (n.d.). गोत्र प्रणाली और वैदिक वंश परंपरा. प्राप्ति तिथि: 15 जुलाई 2025,https://www.indictoday.com
14. Sahapedia. (n.d.). हिंदू धर्म में गोत्र प्रणाली को समझना. प्राप्ति तिथि: 15 जुलाई 2025,
15. https://www.sahapedia.org